**परियोजना का विवरणः– राष्ट्रीय राजमार्ग सं0 309 ए0 के रामेश्वर–गंगोलीहाट –बेरीनाग–चकोड़ी–काण्डा–बागेश्वर– ताकुला अल्मोड़ा मोटर मार्ग का टू–लेन में चौड़ीकरण(कि0मी0 171.00 से कि0मी0 206.00तक) लम्बाई 36.00 कि0मी0**

(५०)

संलग्नक सं0–2.1

## प्रस्ताव के बारे में विवरण एवं प्रस्ताव की औचित्य एव आवश्यकता

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–309ए कुमांऊ के तीन प्रमुख जिले अल्मोड़ा, बागेश्वर व पिथौरागढ़ को आपस में जोड़ता है, जो घाट (पिथौरागढ़) से प्रारम्भ होकर गंगोलीहाट, बेरीनाग, चौकड़ी, काण्डा, बागेश्वर, ताकुला होते हुए अल्मोड़ा शहर के पास राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–87 विस्तार (नया संख्या–109) पर पाण्डेखोला पर मिलता है। यह मार्ग उक्त तीनों जनपदों के मुख्य धार्मिक एव पर्यटक स्थलों को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मार्ग है। इस मार्ग पर वर्षभर देश–विदेश के पर्यटकों के अलावा विशिष्ट एवं अतिविशिष्ट व्यक्तियों का आवागमन रहता है। उत्तराखण्ड के उक्त जनपदों हेतु खाद्यान्न, निर्माण सामग्री व अन्य सभी दैनिक उपयोग की सामग्री भी इसी मार्ग से जाती हैं। उक्त मार्ग की चौड़ाई कम होने एवं तीव्र मोड़ होने के कारण सूचारू यातायात में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। जिससे कई बार जगह–2 जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

मार्ग का चौड़ीकरण होने से सुरक्षित यातायात की सुविधा के साथ ही पर्यटकों के माध्यम से प्रान्त/देश की छवि अच्छी होगी। जिससे पर्यटन इत्यादि को बढ़ावा भी मिलेगा।

अतः उपरोक्तानुसार मार्ग का 2 लेन चौड़ीकरण हेतु प्रस्ताव गठित कर स्वीकृति हेतु प्रशित है।

| | | |
|---|---|---|
| (पूजा विष्ट)<br>कनिष्ठ अभियन्ता,<br>राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, लो0नि0वि0,<br>रानीखेत। | (दीपक कुमार जोशी)<br>सहायक अभियन्ता,<br>राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, लो0नि0वि0,<br>रानीखेत। | (महेन्द्र कुमार)<br>अधिशासी अभियन्ता,<br>राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, लो0नि0वि0,<br>रानीखेत। |